# शब्द रुप

**उभयलिंगी शब्द**

- डॉक्टर बुला रहे हैं।

| पुलिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| मेहतर | मेहतरानी |
| देवर | देवरानी |
| क्षत्रिय | क्षत्राणी |
| भव | भवानी |

| पुलिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| पंडित | पंडिताइन |
| चौधरी | चौधराइन |
| पंडा | पंडाइन |
| चौबे | चौबाइन |

| पुलिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| हरिण | हरिणी |
| तरुण | तरुणी |

| पुलिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| बूढ़ा | बुढ़िया |
| चिड़ा | चिड़िया |
| गुड्ढा | गुड़िया |

| पुलिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| कुम्हार | कुम्हारिन |
| नाई | नाइन |
| पड़ोसी | पड़ोसिन |

| पुलिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| तपस्वी | तपस्विनी |
| हंस | हंसिनी |
| एकाकी | एकाकिनी |
| स्वामी | स्वामिनी |
| अभिमानी | अभिमानिनी |
| यशस्वी | यशस्विनी |
| हितकारी | हितकारिणी |

| पुलिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| संयोजक | संयोजिका |
| गायक | गायिका |
| लेखक | लेखिका |

| | |
|---|---|
| परिचायक | परिचायिका |
| पाठक | पाठिका |
| अध्यापक | अध्यापिका |

| पुलिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| गुणवान | गुणवती |
| भाग्यवान | भाग्यवती |
| श्रीमान | श्रीमती |
| बुद्धिमान | बुद्धिमती |
| भगवान | भगवती |
| शक्तिमान | शक्तिमती |
| सत्यवान | सत्यवती |
| पुत्रवान | पुत्रवती |

| पुलिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| बहनोई | बहन |
| ननदोई | ननद |

| पुलिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| प्रिय | प्रिया |
| छात्र | छात्रा |
| सुत | सुता |
| प्रियतम | प्रियतमा |
| पूज्य | पूज्या |
| शूद्र | शूद्रा |
| बाल | बाला |
| आचार्य | आचार्या |

| पुलिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| कर्ता | कर्त्री |
| वक्ता | वक्त्री |
| दाता | दात्री |
| अभिनेता | अभिनेत्री |
| धाता | धात्री |
| विधाता | विधात्री |
| नेता | नेत्री |
| रचयिता | रचयित्री |

| पुलिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| नर मक्खी | मक्खी |
| नर छिपकली | छिपकली |
| भेड़िया | मादा भेड़िया |
| गैंडा | मादा गैंडा |
| नर चील | चील |
| नर कोयल | कोयल |

| | |
|---|---|
| खरगोश | मादा खरगोश |
| भालू | मादा भालू |

| पुलिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| नर | मादा/नारी |
| विद्वान | विदुषी |
| नपुंसक | बाँझ |
| साधु | साध्वी |
| मियाँ | बीवी |
| कवि | कवयित्री |
| वर | वधू |
| बिलाव | बिल्ली |
| वीर | वीरांगना |
| बुआ | फूफा |

**पुल्लिंग की पहचान –**

1. पर्वत, मास, वार और कुछ ग्रहों, के नाम पुल्लिंग होते हैं। जैसे – विन्ध्याचल, हिमालय, वैशाख, सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध आदि।
2. पेड़ों के नाम पुल्लिंग होते हैं। जैसे – पीपल, नीम, आम, शीशम, सागौन, जामुन, आदि।
3. अनाजों के नाम पुल्लिंग होते हैं। जैसे – बाजरा, गेहूं, चावल, चना, मटर, जौ, उड़द, आदि।
4. द्रव पदार्थो के नाम पुल्लिंग होते हैं जैसे – पानी, सोना, ताँबा, लोहा, घी, तेल आदि।
5. रत्नों के नाम पुल्लिंग होते हैं। जैसे–हीरा, पन्ना, मूंगा, मोती माणिक आदि।
6. देह के अवयवों के नाम पुल्लिंग होते हैं। जैसे–मस्तक, दाँत, हाथ, कान, गला, तालु, रोम आदि।
7. जल, स्थल और भूमण्डल के भागों के नाम पुल्लिंग होते हैं। जैसे–समुद्र, भारत, देश, नगर, द्वीप, आकाश, पाताल, घर, सरोवर आदि।
8. वर्णमाला के अनेक अक्षरों के नाम पुल्लिंग होते हैं। जैसे – अ, उ, ए, ओ, क, ख, ग, ध, च, छ, य, र, ल, व, श आदि।

   नित्य पुल्लिंग शब्द – तोता, मच्छर, कौवा, विच्छू आदि।

**स्त्रीलिंग की पहचान**

1. भाषा, बोली और लिपियाँ के नाम स्त्रीलिंग होते हैं। जैसे – हिन्दी, संस्कृत, देवनागरी, पहाड़ी, तेलुगु, पंजाबी।
2. नदियों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं – जैसे – यमुना, गंगा, गोदावरी, ताप्ती आदि।
3. तिथियों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं। जैसे – पहली,दूसरी, प्रतिपदा, पूर्णिमा आदि।
4. पृथ्वी ग्रह स्त्रीलिंग है।
5. नक्षत्रों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं। जैसे–अश्विनी, रोहिणी, भरणी आदि।

- नित्य स्त्रीलिंग शब्द – कोयल, मैना, चील आदि।

**वचन परिवर्तन**

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| वधू | वधुएँ |
| गौ | गौएँ |

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| शक्ति | शक्तियाँ |
| नारी | नारियाँ |
| लड़की | लड़कियाँ |
| गृहिणी | गृहिणियाँ |
| स्त्री | स्त्रियाँ |
| गली | गलियाँ |
| रीति | रीतियाँ |
| नदी | नदियाँ |

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| मछली | मछलियाँ |
| रानी | रानियाँ |
| डिबिया | डिबियाँ |
| नाली | नालियाँ |
| लकड़ी | लकड़ियाँ |
| टोपी | टोपियाँ |

1. हिंदी में कुछ शब्दों के बहुवचन बनाने के लिए मूल शब्दों के साथ 'वर्ग', 'वृंद', 'गण', 'लोग', 'जन' आदि समूहवाची शब्द जोड़ दिए जाते हैं, जैसे – कर्मचारी वर्ग, पक्षीवृंद, असभ्य लोग, विद्वज्जन, लेखकगण आदि।
2. हिंदी में कुछ शब्द हमेशा बहुवचन रुप में ही प्रयुक्त होते हैं, जैसे – आँसू, केश, समाचार, दर्शन, प्राण, हस्ताक्षर, बाल, लोग, प्रजा, रोम, होश आदि।
   (क) समाचार मिलते ही उसके आँसू उमड़ पड़े।
   (ख) आपके दर्शन के लिए लोग इकट्ठे हो गए हैं।
   (ग) उसके प्राण न निकल सके।
   (घ) उसके बाल बहुत घुंघराले हैं।
3. इसी तरह से कुछ ऐसे संज्ञा शब्द भी है जो हमेशा एकवचन में ही आते हैं, जैसे – क्रोध, क्षमा, छाया, प्रेम, जल, जनता, पानी, दूध, वर्षा, हवा, आग आदि।
   (क) इस वर्ष वर्षा नहीं होगी।
   (ख) हवा बहुत तेज चल रही थी।
   (ग) वहाँ आग जल रही थी।

**पुनर्विलोकन**

- दही जम गया है वाक्य में लिंग है – पुलिंग।
- डॉक्टर बुला रहे हैं। इस वाक्य में लिंग है – उभयलिंगी शब्द